राष्ट्रीय रोजगार सेवा

छत्तीसगढ़

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर–चांपा, छ०ग०

प्रेस विज्ञप्ति

आई.टी.आई.जांजगीर में दिनांक 22 जून 2026 को रोजगार मेला का होगा आयोजन

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र,जॉजगीर–चांपा द्वारा जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से दिनांक **22.06.2026 दिन सोमवार** को आई.टी.आई. कुलीपोटा जांजगीर में एक दिवसीय **रोजगार मेला** का आयोजन किया जायेगा। जिसमें निजी क्षेत्र के 03 नियोजक **पुस्कल एग्रीटेक लिमिटेड बिलासपुर, स्पंदना स्फूर्ति फाईनेंस लिमिटेड एवं चैतन्य इंडिया फाईनेंस क्रेडिट लिमिटेड रायगढ़ उपस्थित रहेगें। पुस्कल एग्रीटेक लिमिटेड बिलासपुर** द्वारा अकाउंटेण्ट 04 पद एग्रीकल्चर आफिसर 04 पद, सेल्स आफिसर 20 पद सेल्स रिप्रजेंटेटिव 20 पद, **स्पंदना स्फूर्ति फाईनेंस लिमिटेड** द्वारा क्रेडिट असिस्टेंट के 10 पद, कस्टमर रिलेशनशीप एसोसियेट के 10 पद तथा **चैतन्य इंडिया फाईनेंस क्रेडिट लिमिटेड रायगढ़** द्वारा कस्टमर रिलेशनशीप एक्जिकिटिव 20 पद पर भर्ती की जावेगी। उक्त पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता **12वी, बी.कॉम, बीएससी एग्रीकल्चर,** निर्धारित किया गया है। कंपनी द्वारा वेतनमान **13000–20000 रु.दिया जावेगा।** आयु सीमा 18 से 38 वर्ष निर्धारित है एवं चयनित आवेदको का कार्यक्षेत्र जांजगीर, चांपा, सक्ती, रायगढ़, कटघोरा, पाली, रतनपुर, डभरा छत्तीसगढ राज्य रहेगा।

प्लेसमेंट का कार्य प्रातः 11:00 बजे 3:00 बजे तक किया जावेगा।

जो युवा उक्त प्लेसमेंट कैंप में शामिल होना चाहते है, वे अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ व जिला रोजगार कार्यालय का **रोजगार पंजीयन कार्ड** की छायाप्रति लाना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैंप का लाभ ले सकते है। अधिक जानकारी के लिये जिला रोजगार कार्यालय जॉजगीर चापा से संपर्क किया जा सकता है।

17.06.2026

जिला रोजगार अधिकारी
जॉजगीर चांपा (छ.ग.)

पृ.क / जिरोकाजॉचा / प्लेसमेट कैंप / 2026 / 568-4 / जॉजगीर, दिनांक 17.06.2026

प्रतिलिपि :–

1. संचालक, रोजगार एवं प्रशिक्षण इन्द्रावती भवन ब्लॉक –04 प्रथम तल, अटल नगर नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर महोदय,जिला जांजगीर चांपा की ओर सादर सूचनार्थ।
3. उपसंचालक,जनसंपर्क जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) की ओर प्रेषित कर निवेदन है कि उक्त विज्ञप्ति दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने की कृपा करें।
4. प्राचार्य / अधीक्षक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुलीपोटा जांजगीर को आवश्यक सहयोग हेतु सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
5. नियोजक **पुस्कल एग्रीटेक लिमिटेड बिलासपुर, स्पंदना स्फूर्ति फाईनेंस लिमिटेड एवं चैतन्य इंडिया फाईनेंस क्रेडिट लिमिटेड रायगढ़** को सूचनार्थ कृपया समय पर उपस्थित होकर भर्ती की कार्यवाही करने की कष्ट करेगें।

17.6.2026

जिला रोजगार अधिकारी
जॉजगीर चांपा (छ.ग.)